महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रांकः– प्राशिप/अनु03/2024/8232 लखनऊः दिनांकः– 16/11/2024

विषयः– परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा जून 2024 के परीक्षा परिणाम में प्रदर्शित अनुपस्थिति को अपडेट कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

परिषद कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र सं0–प्राशिप/अनु03/2024/7618 दिनांक–07.10.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए कतिपय छात्र/छात्राएं जिनका परीक्षा परिणाम अपूर्ण प्रदर्शित हो रहा है, ऐसे छात्र/छात्राओं की अनुपस्थिति (AA) को सही कराये जाने के संबंध में छात्र/छात्राओं का उपस्थिति विवरण दिनांक–10.10.2024 तक अनुभाग–03 की ईमेल पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके कम में दिनांक–13.11.2024 तक ईमेल के माध्यम से प्राप्त सभी आवेदनों की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।

अवगत कराना है कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित छात्र/छात्राओं की सारणीयन पंजिकाएं एवं अंतिम/बैक पेपर के छात्र/छात्राओं की अंकतालिकाओं का मुद्रण किया जाना है साथ ही आगामी परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरवाने की प्रकिया आरम्भ की जानी है।

अतः आप सभी को पुनः निर्देशित किया जाता है कि यदि आपकी संस्था से संबंधित कोई भी ऐसा छात्र/छात्रा जिसके द्वारा परीक्षा दी गई हो किन्तु किसी कारणवश परीक्षा परिणाम (किसी भी विषय) में अनुपस्थित (AA) अभी भी प्रदर्शित हो रहा है, तो ऐसे छात्र/छात्राओं का उपस्थिति विवरण परीक्षा केन्द्र से उपलब्ध कराकर अनुभाग–03 की ई–मेल पर दिनांक 18.11.2024 की सांय 05:00 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत ईमेल/मैनुअल अथवा किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई भी विचार नही किया जायेगा तथा (AA) प्रदर्शित होने वाले विषयों का आगामी परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरवाना अनिवार्य होगा।

यह भी सूचित कराना है कि यदि किसी छात्र/छात्रा के किसी भी विषय में (AA) रह जाता है एवं उसके द्वारा उस विषय का आगामी परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म नही भरा जाता है तो ऐसे छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार का मैनअुल संशोधन नही किया जायेगा और न ही पुनः परीक्षा फार्म भरने हेतु पोर्टल खोला जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित संस्था/छात्र की होगी।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0–प्राशिप/अनु03/2024/8233-34 तद्दिनांकः– 16/11/2024

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।